भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1455

10 दिसंबर, 2021 को उत्तरार्थ

विषय:- मूंगफली, बाजरा, ज्वार, मक्का, तूर, अरहर, मूंग और धान की फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम मूल्य में खरीद

1455. श्री विशम्भर प्रसाद निषाद:
चौधरी सुखराम सिंह यादव:
श्री आनन्द शर्मा:
श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ग्रीष्म ऋतु में बोई जाने वाली फसलों का औसत मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का एक तिहाई है और अक्टूबर 2021 में मूंगफली/बाजरा/ज्वार/मक्का/तूर/अरहर/मूंग और धान सहित आठ प्रमुख फसलों की कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम थी यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और किसानों की जीविका पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वर्ष-वार वार्षिक प्रतिशत वृद्धि कितनी है;

(ग) क्या खरीफ और रबी मौसम के दौरान राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) पर्याप्त मात्रा में दालों की खरीद करने में समर्थ नहीं था;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं

(ङ) क्या इस संबंध में उपचारात्मक उपाय किए गए हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) : अक्टूबर, 2021 के दौरान तूर (अरहर साबुत), मूंग साबुत और मूंगफली का अखिल भारतीय मासिक औसत थोक मूल्य एमएसपी से ऊपर था। अक्टूबर, 2021 के दौरान धान, ज्वार और मक्का का अखिल भारतीय मासिक औसत थोक मूल्य एमएसपी से थोड़ा कम था। इसके अलावा, मध्य प्रदेश राज्य में 2021 के दौरान ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के बाजार मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे चल रहे थे। तदनुसार, मध्य प्रदेश सरकार के प्रस्ताव के आधार पर मूल्य समर्थन योजना

(पीएसएस) के तहत 2,47,250 मीट्रिक टन ग्रीष्मकालीन मूंग और 949.90 मीट्रिक टन ग्रीष्मकालीन उड़द की खरीद की गई थी। रबी 2020-21 के दौरान आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, असम, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से 119.08 मीट्रिक टन चावल की खरीद की गई थी। रबी 2020-21 के दौरान, महाराष्ट्र में 18,384 मीट्रिक टन ज्वार, गुजरात में 11515 मीट्रिक टन बाजरा, हरियाणा में 1,50,000 मीट्रिक टन बाजरा, मध्य प्रदेश में 195351 मीट्रिक टन बाजरा और महाराष्ट्र में 5005 मीट्रिक टन बाजरा एमएसपी पर खरीदा गया था। इसी तरह, 2020-21 के दौरान महाराष्ट्र में एमएसपी पर 6486 मीट्रिक टन मक्का की खरीद की गई थी। धान की खरीद 1 अक्टूबर, 2021 से सभी चावल उत्पादक राज्यों में योजना दिशा-निर्देशों के मौजूदा मानदंडों के अनुसार शुरू हो गई है। इसी प्रकार, गुजरात में मक्का और बाजरा की खरीद, उत्तर प्रदेश में मक्का, हरियाणा में बाजरा और मध्य प्रदेश में ज्वार और बाजरा खरीफ 2021 के दौरान योजना दिशा-निर्देशों के मौजूदा मानदंडों के अनुसार शुरू हो गई है।

(ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान एमएसपी में वार्षिक प्रतिशत वृद्धि **अनुबंध-I** पर है।

(ग) : नेफेड, पीएम-आशा की मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसियों में से एक है। पीएसएस के तहत दलहन और तिलहन की खरीद नैफेड द्वारा राज्य सरकार के अनुरोध पर स्वीकृति जरी के आधार पर की जाती है। खरीफ 2020-21 के दौरान, नेफेड ने 24,871.82 मीट्रिक टन दलहनों की खरीद की है, जिनका एमएसपी मूल्य 16565.23 लाख रुपए और रबी 2021 के दौरान 6,36,905.98 मीट्रिक टन दलहन जिनका एमएसपी मूल्य 5,07,935.81 लाख रुपए था। खरीफ 2021-22 के दौरान, नेफेड के माध्यम से मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार से प्राप्त सभी प्रस्तावों को सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है और वर्तमान में कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(घ) : प्रश्न नहीं उठता।

(ड.) और (च) : प्रश्न नहीं उठता।

न्यूनतम समर्थन मूल्य
(फसल वर्ष के अनुसार)

(रुपए प्रति क्विंटल)

क्र.सं.	जिंस	किस्म	2017-18	2018-19	2017-18 की तुलना में एमएसपी 2018-19 में पूर्ण वृद्धि	2017-18 की तुलना में एमएसपी 2018-19 में प्रतिशत वृद्धि	2019-20	2018-19 की तुलना में एमएसपी 2019-20 में पूर्ण वृद्धि	2018-19 की तुलना में एमएसपी 2019-20 में प्रतिशत वृद्धि	2020-21	2019-20 की तुलना में एमएसपी 2020-21 में पूर्ण वृद्धि	2019-20 की तुलना में एमएसपी 2020-21 में प्रतिशत वृद्धि	2021-22	2020-21 की तुलना में एमएसपी 2021-22 में पूर्ण वृद्धि	2020-21 की तुलना में एमएसपी 2021-22 में प्रतिशत वृद्धि
	खरीफ फसलें														
1	धान	कॉमन	1550.0	1750.0	200.0	12.9	1815.0	65.0	3.7	1868.0	53.0	2.9	1940.0	72.0	3.9
		ग्रेड 'ए'	1590.0	1770.0	180.0	11.3	1835.0	65.0	3.7	1888.0	53.0	2.9	1960.0	72.0	3.8
2	ज्वार	हाइब्रिड	1700.0	2430.0	730.0	42.9	2550.0	120.0	4.9	2620.0	70.0	2.7	2738.0	118.0	4.5
		मालडंडी	1725.0	2450.0	725.0	42.0	2570.0	120.0	4.9	2640.0	70.0	2.7	2758.0	118.0	4.5
3	बाजरा		1425.0	1950.0	525.0	36.8	2000.0	50.0	2.6	2150.0	150.0	7.5	2250.0	100.0	4.7
4	रागी		1900.0	2897.0	997.0	52.5	3150.0	253.0	8.7	3295.0	145.0	4.6	3377.0	82.0	2.5
5	मक्का		1425.0	1700.0	275.0	19.3	1760.0	60.0	3.5	1850.0	90.0	5.1	1870.0	20.0	1.1
6	तूर (अरहर)		5450^	5675.0	225.0	4.1	5800.0	125.0	2.2	6000.0	200.0	3.4	6300.0	300.0	5.0
7	मूंग		5575^	6975.0	1400.0	25.1	7050.0	75.0	1.1	7196.0	146.0	2.1	7275.0	79.0	1.1
8	उड़द		5400^	5600.0	200.0	3.7	5700.0	100.0	1.8	6000.0	300.0	5.3	6300.0	300.0	5.0
9	मूंगफली		4450^	4890.0	440.0	9.9	5090.0	200.0	4.1	5275.0	185.0	3.6	5550.0	275.0	5.2
10	सूरजमुखी के बीज		4100*	5388.0	1288.0	31.4	5650.0	262.0	4.9	5885.0	235.0	4.2	6015.0	130.0	2.2
11	सोयाबीन (पीला)		3050^	3399.0	349.0	11.4	3710.0	311.0	9.1	3880.0	170.0	4.6	3950.0	70.0	1.8
12	सेसामम		5300*	6249.0	949.0	17.9	6485.0	236.0	3.8	6855.0	370.0	5.7	7307.0	452.0	6.6
13	रामतिल		4050*	5877.0	1827.0	45.1	5940.0	63.0	1.1	6695.0	755.0	12.7	6930.0	235.0	3.5
14	कपास	मध्यम स्टेपल	4020.0	5150.0	1130.0	28.1	5255.0	105.0	2.0	5515.0	260.0	4.9	5726.0	211.0	3.8
		लांग स्टेपल	4320.0	5450.0	1130.0	26.2	5550.0	100.0	1.8	5825.0	275.0	5.0	6025.0	200.0	3.4
	रबी की फसल														
15	गेहूं		1735.0	1840.0	105.0	6.1	1925.0	85.0	4.6	1975.0	50.0	2.6	2015.0	40.0	2.0
16	जौ		1410.0	1440.0	30.0	2.1	1525.0	85.0	5.9	1600.0	75.0	4.9	1635.0	35.0	2.2
17	चना		4400@	4620.0	220.0	5.0	4875.0	255.0	5.5	5100.0	225.0	4.6	5230.0	130.0	2.5
18	मसूर (लेनटिल)		4250*	4475.0	225.0	5.3	4800.0	325.0	7.3	5100.0	300.0	6.3	5500.0	400.0	7.8
19	रेपसीड और सरसो		4000*	4200.0	200.0	5.0	4425.0	225.0	5.4	4650.0	225.0	5.1	5050.0	400.0	8.6
20	कुसुम		4100*	4945.0	845.0	20.6	5215.0	270.0	5.5	5327.0	112.0	2.1	5441.0	114.0	2.1
21	तोरिया		3900.0	4190.0	290.0	7.4	4425.0	235.0	5.6	4650.0	225.0	5.1	5050.0	400.0	8.6
	अन्य फसलें														
22	कोपरा (कैलेंडर वर्ष)	मिलिंग	6500.0	7511.0	1011.0	15.6	9521.0	2010.0	26.8	9960.0	439.0	4.6	10335.0	375.0	3.8
		बाल	6785.0	7750.0	965.0	14.2	9920.0	2170.0	28.0	10300.0	380.0	3.8	10600.0	300.0	2.9
23	छिलके रहित नारियल (कैलेंडर वर्ष)		1760.0	2030.0	270.0	15.3	2571.0	541.0	26.7	2700.0	129.0	5.0	2800.0	100.0	3.7
24	जूट		3500.0	3700.0	200.0	5.7	3950.0	250.0	6.8	4225.0	275.0	7.0	4500.0	275.0	6.5

कोष्ठक में दिए गए आंकड़े प्रतिशत वृद्धि दर्शाते हैं।
* 100 रुपये प्रति क्विंटल के बोनस सहित
^ 200 रुपये प्रति क्विंटल के बोनस सहित
^^ 425 रुपये प्रति क्विंटल के बोनस सहित
@ 150 रुपये प्रति क्विंटल के बोनस सहित

*****